# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

CEBBCO
...bodies in motion ...

AN ISO/TS 16949:2009 Company
CIN-L24231MP1979PLC049375

Regd. / Corp. Office : 48, Vandana Vihar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) INDIA
Email Id – cs@cebbco.com, Website – www.cebbco.com

**14.11.2019**

**To,**

**The Secretary,**
**Bombay Stock Exchange Limited,**
**25th Floor, P J Towers,**
**Dalal Street,**
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No.022 2272 2061/022 2272 2041**

**The Secretary**
**National Stock Exchange of India Ltd**
**Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East)**
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

**Sub:- Publication of Financial Result for the Quarter/Half Year ended 30th September 2019.**

**Ref :- Scrip Code 533272** **NSE :- CEBBCO**

**Dear Sir / Madam,**

**We hereby would like to inform that, we have duly published the Unaudited Financial Results for the quarter / half year ended 30th September 2019 in Raj Express and Financial Express Newspaper (Jabalpur, M.P.) on 14.11.2019.**

**Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.**

**This for your intimation / information and record**

**For COMMERCIAL ENGINEERS AND BODY BUILDERS CO. LIMITED**

**Amit K Jain**
**Company Secretary**

Commercial Engineers & Body Builders Co. Ltd.

Factory (Unit I) : 21,22,33,34, Industrial Area Richhai, Jabalpur - 482010 M.P., Tel. +91-761-233 0817 / 872, Fax : 0761-2331488
Factory (Unit II) : NH12-A, Village Udaipura, Teh. Niwas, Distt. Mandla - 481661 M.P., Tel. +91-7643-227403, 227389
Factory (Unit III) : Plot No. 690 to 693 & 751 to 756, Sector III, Industrial Area, Pithampur, Distt. Dhar, Tel. - 07292-407981
Factory (Unit IV) : Industrial Area Richhai, Jabalpur - 482010 M.P.
Factory (Unit V) : Plot No. 742, Asangi Phase Area, Saraikela, Jharkhand - 932109 Tel. 0657-2200251 / 252
Factory (Unit VI) : Village Imlai, Near Deori Railway Station, P.O. Panagar, Jabalpur - 483220



# पशु गोपाल पुरस्कार समारोह का आयोजन

## गौ पालकों ने जीते पुरस्कार



**पनागर।** शासन की पशु गोपाल पुरुस्कार योजना में पनागर ब्लाक के अंतर्गत पशु सेवकों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें गाय एवं भैंस दोनों के ही पशु पालकों ने अपने पशुओं का दूध निकाला। वहीं पशु चिकित्सकों द्वारा ज्यादा दूध का उत्पादन कैसे करें, इसके लिए गौ पालकों को दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम में गौ पालकों में केवलचंद पटेल रेपुरा, सुरेश कुमार उपाध्याय पनागर, मनोहर पटेल खजरी एवं भैंस पालकों में लेखराम यादव, संत कुमार पटेल, मनीष कुमार कटैया ने पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सम्मति सैनी, अध्यक्ष रीना आनंद जैन, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष विमल जैन रहे। कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा पनागर के प्रभारी डॉ एसएस बग्गा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मनीष पटेल, तुलसी राम कुशवाहा, आनंद जैन, सीएमओ संजय सोनी, मनोज पहलवान, दीपक सेठी, रामू मिश्रा, बाबू खान, सीताराम कुशवाहा, डॉ मधु प्रजापति, एसआर बंशकार, जेके राजभर, जगन्नाथ शर्मा, केआर लड़िया, यूके पांडे आदि डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही।

## सावित्री गुप्ता का निधन



**जबलपुर।** शास्त्री नगर मेडिकल कॉलेज के समीप निवासी अनिल गुप्ता एवं सुनील गुप्ता की माता श्रीमती सावित्री गुप्ता उम्र 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 14 नवंबर की सुबह 11 बजे तिलवारा घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

# यूनिवर्सिटी अनियमित्ता मामलों में कार्रवाई की मांग

## आरडीयू में एनएसयूआई छात्रों का प्रदर्शन



**जबलपुर(आरएनएन)।** रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी में व्याप्त विभिन्न वित्तीय, शैक्षणिक एवं कार्मिक अनियमितताओं के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा बुधवार को यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन कर कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान एनएसयूआई की ओर से 5 दिनों के भीतर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

आरडीयू कुलपति को ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अरशद अली ने बताया कि पूर्व में बैकलॉग कि जिन भर्तियों को यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद ने विभिन्न अनियमितताओं के आधार पर निरस्त कर दिया था उसे न्यायालय द्वारा पुनः बहाल किए जाने के आदेश दिए हैं, चूंकि उक्त भर्तियों में जमकर आर्थिक अनियमितताएं की गई थीं, इसलिए उक्त मामले में आए आदेश को पुनः न्यायालयीन प्रक्रिया द्वारा चुनौती दी जाए। इसी के साथ यूनिवर्सिटी स्थापना विभाग से वर्ष 2014-15 की तृतीय श्रेणी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया के जो मुख्य दस्तावेज गायब हुए हैं उनके खिलाफ तत्काल पुलिस में एफआईआर कराई जाए।

### श्रमसाध्य भत्ता दिए जाने की जांच हो

एनएसयूआई की ओर से बिना नियमों के सभी कर्मचारियों को श्रमसाध्य भत्ता प्रदान किए जाने के मामले में जांच कार्रवाई करने सहित प्राध्यापक डॉ. एसपी गौतम को त्यागपत्र देने के बाद पुनः नियमित नियुक्ति को निरस्त करने, सीसी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, यूनिवर्सिटी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संपत्ति का ब्यौरा यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने, अतिथि विद्वानों का पीएफ काटने सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। ज्ञापन के दौरान रिजवान अली कोटी, बादल पंजवानी, सचिन रजक, सागर शुक्ला, राहुल बघेल, एजाज अंसारी, अदनान अंसारी, राहुल रजक, अभिषेक सेठी, अपूर्व केशरवानी, विराज यादव, मयंक, कार्तिक कनौजिया, जावेद, वसीम, प्रतीक, अभिषेक ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए डीआरएम ने किया मुकेश दास को पुरस्कृत

**जबलपुर (आरएनएन)।** पमरे के कैरिल एंड वैगन विभाग में पदस्थ टेक्निशियन-3 मुकेश दास को अनुशासन और उत्कृष्ट कार्य के लिए जबलपुर रेल मंडल के प्रबंधक डॉ मनोज सिंह ने पुरस्कृत किया। डीआरएम कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में डीआरएम डॉ मनोज सिंह ने मुकेश दास को तत्परता के साथ उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने के लिए एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशसित पत्र प्रदान किया।

### खेल से मानसिक, शारीरिक विकास: विनय असाटी

# शीतकालीन खेल शिविर का समापन

सिहोरा ■ राज न्यूज नेटवर्क



मनुष्य के जीवन में खेलकूद का विशेष स्थान होता है खेल के माध्यम से मानसिक शारीरिक विकास के साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी होता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए यह विचार समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि विनय असाटी ने नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सिहोरा ब्लॉक के ग्राम टिकरिया में आयोजित शीतकालीन दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोसलपुर के प्रबंधक गुरमीत सिंह बेदी ने कहा कि खेल के माध्यम से भाईचारे की भावना पल्लवित होती है नेहरू युवा केंद्र खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है। इस दौरान अंकित तिवारी नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक, प्रतीक सिंह, अतुल पांडे सहायक उपनिरीक्षक, रोली जयोतिषी, सुचिता साहू, अर्पित चौबै ने भी खेल की महत्वता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इस दौरान सिहोरा तहसील के लगभग 40 गांव के प्रतिभागियों में से 100 मीटर दौड़ में अमृता बागरी ने प्रथम, काजल माला ने द्वितीय तथा प्रिया खंगार ने तृतीय स्थान, 400 मीटर दौड़ में राहुल यादव प्रथम, सुरेन्द्र यादव ने द्वितीय तथा दुर्गेश पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत बेला की टीम विजेता एवं ग्राम झांसी की टीम उप विजेता रही। रस्सा कसी में गोसलपुर की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। संगीत कुर्सी में सविता चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों को शील्ड व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किये गये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय युवा खेल प्रेमी खिलाड़ी ग्रामीण जन मौजूद रहे कार्यक्रम के समापन अवसर पर पहुंचे सभी अतिथियों का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया दो दिवसीय खेल स्पर्धा का सफल संचालन कार्यक्रम के संयोजक दीपक साहू व अर्पित चौबे ने किया।

# एनएसयूआई ने पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत



**जबलपुर।** शहर में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस की सक्रिय भूमिका के लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रों द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित सिंह का स्वागत किया गया। एनएसयूआई प्रदेश सहसचिव अपूर्व केशरवानी ने बताया कि अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के दौरान शहर में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की चौकसी महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर संगठन के विराज यादव, एजाज अंसारी, राहुल बघेल, मयंक लोक, अदनान अंसारी, अभिषेक श्रीवास्तव, आर्यन गुप्ता, आदर्श केशरवानी, आयुष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेला का आयोजन 15 को

**सिहोरा।** मप्र दीनदयाल अन्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में आगामी 15 नवम्बर को रोजगार मेला का आयोजन जनपद पंचायत सिहोरा के सभागार में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभागियों की योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं द्वारा डी डी यू जी के वाय योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा। 18 से 30 आयु वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियां अपने दस्तावेजों के साथ मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

**नाम परिवर्तन**

मैं रवि कुमार S/o. दीवान चंद मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र के नाम की स्पेलिंग गलत हो गई है अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में गलत नाम Gaurab Bajala हो गया है। अतः सही नाम Gourav Bajala सही नाम दर्ज किया जाना है। मेरा आर्मी No. JC570497-H है। मैं चाकोरी जम्मू-काश्मीर से हूँ।

सही नाम : Gourav Bajala
गलत नाम : Gaurab Bajala

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

फाईल संख्या 386 **सूचना** दिनांक 28.10.2019

श्री भूपत द्विवेदी, पिता का नाम– आ0 सुन्दर लाल, पदनाम– डम्फर आपरेटर, एनईआईएसनं. – 23681802, राजनगर ओपनकास्ट, पो0आ0–डोला सी सेक्टर, जिला–अनूपपुर (म0प्र0), आपकी अनाधिकृति अनुपस्थित दिनांक 09.04.2018 से होने के कारण आरोप पत्र क्रमांक एसईसीएल/खॉप्र/राजओसी/आरोप/2018/945 दिनांक 08/09.08.2018 जारी किया गया है जिसमें कम्पनी में लागू प्रमाणिकृत स्थाई आदेश की कंडिका 26.24 एवं 26.30 के तहत आरोपित किया गया है जिसकी जॉच कार्यवाही के सम्बंध में कई तिथियॉ दी गई किन्तु आप उपस्थित नही हुए। अतः दिनांक 10.12.2019 को दिन में 12 बजे उत्खनन विभाग राजनगर ओपनकास्ट में जॉच कार्यवाही हेतु अंतिम तिथि दी जाती है यदि आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने सहकर्मी के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नही होते है तो जॉच अधिकारी द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण के गुणवत्ता के आधार पर प्रकरण का निपटारा किया जा सकेगा। तदानुसार आप सूचित होवें।

**S-23504/19** जॉच अधिकारी, राजनगर ओपनकास्ट,हसदेव क्षेत्र

**कार्यालय आयुक्त, नगर निगम, जबलपुर**
**(जनसम्पर्क विभाग)**

N.I.T.NO./PWD-e-tendering/pro/259 Dated 13/11/2019

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

| S.No./Pkg/Code | Work | District (S) | Probable Amount (Rupees in lakh) | EMD | Completion Period (Month) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय गाँधी वार्ड के अंतर्गत आजाद नगर मोहरिया मेन रोड से मस्जिद हुसैनिया तक सड़क का सीमेंटीकरण। | Jabalpur | 21,99,516/- (इक्कीस लाख निनयान्वे हजार पाँच सौ सोलह रूपये) | 16500/- | 4 Month |

1. Interested bidders can view the NIT on website http://mptenders.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only online from 18/11/2019 (Time) 10.30 a.m. (date) to 19/12/2019 (time) 4:30
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.
4. Applicable SOR-UADD Building / Road in force 10/05/2012 with all amendment.
5. P.F. Registration must be required others wise contact agreement and work order not issued.
5. GST (good & service tax) applicable as per as rule.

Executive Engineer
Nagar Nigam Jabalpur

# आवारा पशुओं के आतंक से शीघ्र मिलेगी निजात

## नपा की हाका गैंग हुई हाईटेक

**सिहोरा।** स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल आने नगर की पालक संस्था का आला अमले के प्रयाश लगातार जारी हैं इसी कड़ी में नगर की स्वच्छता को प्रभावित कर रहे अवारा पशुओं पर लगाम कसने न पा ने 3 लाख 70 हजार लागत के काउ केचर के माध्यम से कार्यवाही प्रारंभ कर हाका गैंग को हाईटेक किया है।

### सैकड़ों पशु हुए का उकेचर में कैद

सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को अवारा पशुओं से मुक्त कराने न पा की हाका गैंग ने काउ केचर का उपयोग कर अनेक पशुओं को कैद कर दो बार गोसलपुर सम्मेदगिरी स्थित गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया किन्तु गौशाला में और पशुओं के संरक्षण की क्षमता न होने के कारण नगर से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया।

### चिन्हित किए जाएंगे आवारा एवं पालतू पशु

मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने बताया कि नगर में पालतु पशुओं को चिन्हित करने का कार्य सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत किया जायेगा। पशु पालकों के पालतू पशुओं के सींग में रेडियम लगाया जायेगा ताकि सड़क पर अवारा घूमते मिलने पर काजी हाउस में बंद करके पशु पालकों पर कार्रवाई की जा सके एवं अवारा पशुओं को पकड़कर नगर के बाहर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाये।

### सुअर पालकों पर भी होगी कार्रवाई

नगर पालिका ने सुअरों के आतंक से निजात दिलाने सर्व प्रथम न पा के कर्मचारियों को सुअर पालन न करने निर्देशित किया है। साथ ही ऐस 5-6 लोगों को चिन्हित किया है, जिनके पास 50 से अधिक जानवर हैं।

### इनका कहना है

आवारा पशुओं से निजात दिलाने हाका गैंग को हाईटेक किया है। कार्यवाही लगातार जारी है, जिसका असर शीघ्र देखने मिलेगा।

**जयश्री चौहान,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा

# शालेम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आज

**सिहोरा।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आज नगर के शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया है। स्कूल के संचालक एम भास्करन ने बताया कि चौथी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में हस्तकला, आर्टन क्राप्ट, वैज्ञानिक मॉडल, अर्थ व्यवस्था से संबंधित मॉडल के अलावा रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जिसमें करीब नौ सौ बच्चे हिस्सा लेंगे प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित मेला एवं प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा स्व निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के भी स्टाल लगाए जाएंगे। विद्यालय प्राचार्य गिरजा भास्करन ने बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु समस्त गणमान्य नागरिकों एवं अभिवावकों से आयोजन में पहुंचने की अपील की है।

**Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd.**
CIN: L24231MP1979PLC049375
Regd. Office : 48, Vandana Vihar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) India - 482001

ANNEXURE I
Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter / Half Year Ended September 30th, 2019
[See Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

(Rs. In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | Preceding Quarter Ended | Corresponding Quarter ended in the previous year | Half Year Ended | Corresponding Half Year Ended | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30 Sep 2019 | 30 Jun 2019 | 30 Sep 2018 | 30 Sep 2019 | 30 Sep 2018 | 31 Mar 2019 |
| | | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 1,729.27 | 4,152.67 | 5,616.71 | 5,881.94 | 10,205.55 | 21,655.87 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (beforeTax, Exceptional and / or Extraordinary items#) | (294.30) | (81.91) | (598.25) | -376.21 | -1261.57 | -1986.09 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items#) | (294.30) | 573.21 | (598.25) | 278.91 | -1261.57 | 8867.38 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | (294.30) | 573.21 | (598.25) | 278.91 | -1261.57 | 8867.38 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (294.60) | 572.91 | (596.92) | 278.31 | -1258.91 | 8866.18 |
| 6 | Equity Share Capital | 8,948.27 | 8,948.27 | 5,494.30 | 8,948.27 | 5,494.3 | 8,948.27 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | 637.27 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| | 1. Basic: | (0.33) | 0.64 | (1.09) | 0.31 | -2.29 | 14.42 |
| | 2. Diluted: | (0.33) | 0.64 | (1.09) | 0.31 | -2.29 | 14.42 |

**Notes:**

a) The above statement of unaudited financial results ("the statement") for the quarter and half year ended 30 September 2019, have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 12 November 2019. The statutory auditors of the Company have carried out a limited review of the above statement for the quarter and half year ended 30 September 2019 and an unmodified opinion has been issued. The same have been filed with BSE Ltd. and National Stock Exchange of India Ltd. and is also available on the Company's website at **www.cebbco.com.**

b) During the previous year, the lenders of the Company have completed the Resolution Plan for restruring of debts in the Company. The Resolution Plan mainly includes partial waiver of the principal amount of loan and interest, issuance of 3,45,39,693 equity shares of Rs. 10 each to the Incoming Investor, transfer of pledged promoter shares to the incoming investor, grant / renewal of the credit facilities subject to certain terms and conditions and issuance of non-convertible redeemable preference shares.The above plan received shareholders approval on 7 January 2019, Pursuant to this, gain of Rs.12,457.45 lakhs (Including the waiver of interest recognised as finance cost till 31 December 2018) has been recorded under the head 'Exceptional Items' and Rs.3,983.11 has been recognised in 'Other equity' in the previous year.

c) During the previous quarter, the Company had forfeited 0.0001% Non-Convertible Cumulative Redeemable Preference Shares due to non payment of unpaid calls. These preference shares were issued to erstwhile promoters in the year 2014-15 amounting to Rs.2,000 Lakhs of which only Rs.1,300 Lakhs was paid up. Out of the paid up amount, Rs.655.12 Lakhs was classified as liability component of compound financial instruments as under the requirement of Ind AS 109. Pursuant to the forfeiture, the Company had recognised a gain of Rs.655.12 Lakhs as 'Exceptional Item' in the financial results of the previous period.

d) The Company's business activity falls within a single primary business segment viz, "sheet metal fabricating and body building". The operating segment has been defined based on regular review by the Company's Chief Operating Decision Maker to assess the performance of the Company and to make decision about allocation of resources.

e) On 1 April 2019, the Company has adoped Ind AS 116 "Leases", using the modified retrospective approach. Accordingly, the comparatives have not been retrospectively adjusted. The adoption of Ind AS 116 did not have any material impact on the financial results of the Company.

f) Previous period figures have been regrouped / reclassified wherever necessary to correspond with current period classification / disclosures.

Pune
12-11-19

For and on Behalf of the Board
sd/-
Abhishek Jaiswal
Whole Time Director & C.E.O.
DIN- 07936627